द. कोरिया परमाणु

कारपोरेट हल

## 65 हज

**नई दिल्ली** ■ वार्ता

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय मे 'वर्ल्ड फूड इंडिया' का आयो शुक्रवार से यहाँ इंडिया गेट पर किया रहा है जिसमें 10 अरब डॉलर (करीब हजार करोड़ रुपये) का निवेश आने उम्मीद है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग म हरसिमर कौर बादल ने संवाददाताओं को बताया कि मेला होने से पहले ही निवेशकों ने 65 ह करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिब दिखायी है। इससे देश में रोजगार के लाख नये अवसर पैदा होंगे। तीन

स राष्ट्र त्री-नी फूड भी 12 र पाँच थापना खाद्य साध्वी क्षा एवं ाई) के कुमार संजीव

## गूगल पिक्सल 2 अब भारत में उपलब्ध

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** एप्पल जहां आईफोन एक्स को भारत में 3 नवंबर को लांच करने जा रही है, वहीं गूगल ने एप्पल को टक्कर देने के लिए अपने फ्लैगशिप पिक्सल 2 स्मार्टफोन को बुधवार को भारतीय बाजार में लांच कर दिया है, जिसके 64 जीबी वेरिएंट की शुरुआती कीमत 61,000 रुपये रखी गई है।इस डिवाइस में 4 जीबी रैम और 64जीबी/128 जीबी की इंटरनल मेमोरी है। इसके 128 जीबी वाले वर्शन की कीमत 70,000 रुपये रखी गई है। पिक्सल 2 में अल्यूमिनियम यूनीबॉडी डिजायन के साथ हाइब्रिड कोटिंग है और यह डिवाइस आईपी 67 जल और धूल प्रतिरोधी है।

यह स्मार्टफोन सभी प्रमुख ऑनलाइन स्टोर और खुदरा दुकानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। इसके साथ 2 साल की वारंटी दी गई है। इस स्मार्टफोन में क्वॉलकॉम का स्नैपड्रैगन 835 ऑक्टाकोर प्रोसेसर और 2,700 एमएएच की बेटरी है। इसका पिछला कैमरा 12 मेगापिक्सल का है जिसका एपरचर एफ/1.8 है तथा सेल्फी कैमरा 8 मेगापिक्सल का है, जिसका अपरचर एफ/2.4 है। पिक्सल 2 में प्रीलोडेड गूगल अस्सिटेंट है साथ ही एक नया फीचर 'एक्टिव एज' है जो तब काम करता है जब फोन को दबाया जाता है। यह फोन तीन रंगों – 'जस्ट ब्लैक', 'क्लीयरली व्हाइट' और 'किंडा ब्लू' में उपलब्ध है।

## गोदरेज कंज्यूमर का शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढा

**नई दिल्ली, भाषा।** रोजमरा के उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स लिमिडेट का चालू वित्त वर्ष की सिंतबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12.56 प्रतिशत बढकर 361.95 करोड रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 321.54 करोड रुपये रहा था। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स प्राइवेट लिमिडेट (जीसीपीएल) ने नियामकीय जानकारी में कहा, समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की कुल बिक्री (उत्पाद शुल्क सहित) 2.47 प्रतिशत बढकर 2,496.93 रुपये पहुंच गई। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकडा 2,436.64 करोड रुपये था।

जीसीपीएल की कार्यकारी चेयरपर्सन एन गोदरेज ने

ACE

एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड
सीआईएन : एल74899एचआर1995पीएलसी053860
पंजी. कार्यालय : दुधोला लिंक रोड, दुधोला, जिला पलवल–121102, हरियाणा
फोन : +91–1275–280111 (50 लाइन्स), फैक्स : +91–1275–280133
ई–मेल: cs@ace-cranes.com, वेबसाइट : www.ace-cranes.com

सूचना

एतदद्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन अनिवार्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियमावली) के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निर्देशक मंडल की एक बैठक **शनिवार, 11 नवंबर, 2017** को, अन्य विषयों के साथ–साथ 30 सितम्बर, 2017 को समाप्त तिमाही /छः माह अलेखापरीक्षित (पुनरीक्षित) वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन तथा अभिलेखबद्ध करने हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://www.ace-cranes.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स http://www.bseindia.com तथा http://www.nseindia.com पर भी देखी जा सकती है। अंतरंगियों द्वारा व्यापार की रोकथाम, नियंत्रण, निगरानी तथा रिपोर्ट करने के लिए कम्पनी की आचार संहिता के अनुसरण में, कम्पनी की प्रतिभूतियों में लेन–देन हेतु व्यापार खिड़की, कम्पनी के सभी पदनामित व्यक्तियों के लिए, 3 नवंबर, 2017 से 14 नवंबर, 2017 (दोनों तिथियों सहित) तक बंद रहेगी।

कृते एवं हिते
एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड
हस्ता./–
अनिल कुमार
कम्पनी सचिव

स्थान : पलवल
तिथि : 01 नवंबर, 2017

हिन्द सिक्यूरिटीज एंड क्रेडट्स लिमिटेड
पंजी कार्या : डी – 16, ग्राउंड फ्लोर,
उद्योग नगर, नांगलोई, दिल्ली – 110041
सीआईएन : L74899DL1993PLC056702
फोन : +91-9899425575
ई–मेल : supersecurities1993@gmail.com, info_hindsecurities@yahoo.in
वेब : www.supersecurities.in

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उदघाटन अपेक्षाए) विनियमन, 2015 के विनियमन 29, 33 के साथ पठित विनियमन 47 के प्रावधानो के अनुपालन मे एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शुक्रवार, 10 नवंबर, 2017 को 3:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय डी – 16, ग्राउंड फ्लोर, उद्योग नगर, नागलोई, दिल्ली – 110041 मे आयोजित की जाएगी, जिसमें 30 सितम्बर, 2017 को समाप्त होने वाले कंपनी के तिमाही तथा अर्ध्द वार्षिक अलेखापरीक्षित वितीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे पुन : ये विवरण कंपनी की बेबसाईट अर्थात् www.supersecurities.in के साथ ही साथ स्टॉक एक्सचेंज की बेबसाईट अर्थात् www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

हिन्द सिक्यूरिटीज एंड क्रेडट्स लिमिटेड के लिए
स्थान : दिल्ली
तिथि : 01.11.2017
हस्ता./–
ज्योति खेड़िया
कंपनी सचिव तथा अनुपालन अधिकारी